अमर उजाला 22/03/2024

परंपरा, प्रौद्योगिकी का संगम दर्शाता है डिजिटल अवतार

छावनी के गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में आयोजित कार्यशाला में बोले प्राचार्य

संवाद न्यूज एजेंसी

अंबाला। छावनी के गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में कंप्यूटर विज्ञान विभाग एवं आईईडीसी के संयुक्त तत्वावधान में पुराने खेल डिजिटल अवतार विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।

प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि पुराना खेल डिजिटल अवतार एक ऐसा संयोजन है, जो परंपरा और प्रौद्योगिकी का संगम दर्शाता है।

जो एक नए युग में पारंपरिक भारतीय खेलों की अविचल अवधारणा को प्रस्तुत करने, प्रचारित करने और पुनर्जीवित करने के लिए एक गतिशील मंच प्रदान करता है।

उन्होंने कहा कि पारंपरिक खेलों के डिजिटल परिवर्तन से गेम डेवलपर्स, उद्यमियों और व्यापारों के लिए व्यापारिक अवसर खुलते हैं। जिससे इन खेलों के आसपास खेल सामग्री, उत्पाद ,इवेंट्स और सेवाओं को बनाने और मोनेटाइज करने के लिए उपयोग किया जा सकता है। इसके बाद मुख्य वक्ता मनोहर लाल ने विद्यार्थियों को पारंपरिक खेलों को डिजिटल प्रारूप में रूपांतरित करना, प्रौद्योगिकी की उन्नतियों का उपयोग करते हुए जैसे मोबाइल एप्लीकेशन ,ऑनलाइन प्लेटफॉर्म वर्चुअल रियलिटी, ऑगमेंटेड रियलिटी और खेलने की तकनीक से रूबरू कराया।

छावनी के गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में पुराने खेल डिजिटल अवतार विषय पर कार्यशाला के दौरान छात्रों को संबोधित करते मुख्य वक्ता। विज्ञप्ति